PTCUL

पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग

विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून–248002

दूरभाष नं0 0135–2645249 फैक्स नं0 0135–2645249 email:- hr@ptcul.org

पत्रांक 774 / मा0सं0एवंप्र0वि0 / पिटकुल / ईडब्लू–4 दिनांक : 28.05.2019

कार्यालय परिपत्र

पिटकुल मुख्यालय पर कार्यरत समस्त कार्मिकों को सूचित किया जाता है कि इस वर्ष प्रबन्धन द्वारा **पॉवर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0 के स्थापना दिवस "01 जून–2019"** को हर्षो–उल्लास के साथ मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके अन्तर्गत पिटकुल मुख्यालय "विद्युत भवन" माजरा, देहरादून में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है जिनका विवरण निम्नवत है:–

क्र.सं.	प्रस्तावित कार्यक्रम	समय सारणी	स्थान
1	कार्मिकों द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम	पूर्वाह्न 11:00 बजे से	बैठक कक्ष, भूतल, विद्युत भवन
2	सांस्कृतिक कार्यक्रम	सांय 07:30 बजे से	विद्युत भवन प्रांगण में
3	रात्रि भोज	रात्रि 09:00 बजे से	विद्युत भवन प्रांगण में

पिटकुल के समस्त कार्मिकों एवं संविदाकर्मियों को उपरोक्तानुसार कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

उक्त कार्यक्रमों में पिटकुल, देहरादून के सभी कार्यालयों / उपकेन्द्रों के सभी स्थायी कार्मिक आवश्यक रूप से अपने परिवार सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे साथ ही पिटकुल में संविदा पर कार्योजित कार्मिक भी स्वयं उपरोक्तानुसार कार्यक्रमों में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जो कार्मिक देहरादून मुख्यालय से बाहर तैनात हैं एवं यदि वह उक्त तिथि को देहरादून मुख्यालय में उपस्थित होते हैं तो उनको भी परिवार सहित उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

इसके साथ ही इस शुभ अवसर पर उपस्थित कार्मिक / संविदाकर्मी तथा उनके परिजन यदि कोई प्रस्तुति / सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन करना चाहते हैं तो वह एक दिन पूर्व अपना अथवा अपने परिजन का नाम उपमहाप्रबन्धक (मा0सं0), पिटकुल को अवश्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रबन्ध निदेशक

पत्रांक / 774 / मा0सं0एवंप्र0वि0 / पिटकुल / ई0डब्ल्यू–4 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सहायक–प्रबन्ध निदेशक, पिटकुल, देहरादून को प्रबन्ध निदेशक महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. निदेशक (वित्त) / (परि0एवंअनु0) / (परियोजना) पिटकुल, देहरादून।
3. समस्त कार्मिक, पिटकुल।
4. उपमहाप्रबन्धक (सू0प्रौ0), पिटकुल को इस आशय के साथ कि परिपत्र की प्रति कारपोरेशन की वैबसाईट पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करें।
5. समस्त संविदाकर्मी (डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, ड्राइवर, गार्ड, माली, सफाईकर्मी, इत्यादि), पिटकुल।
6. सूचना पट।

(आशीष कुमार)
निदेशक (मा0सं0)